स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में भिलाई को नंबर वन बनाने की तैयारी जोरों से, निगम आयुक्त रोहित व्यास ने ली अधिकारियों की बैठक, दिए महत्वपूर्ण निर्देश

भिलाई नगर/ स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में भिलाई शहर को नंबर वन बनाने की तैयारियां तेज हो गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडों के तहत कार्य करने अधिकारियों/कर्मचारियों की बैठक आज निगमायुक्त रोहित व्यास ने ली। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण से जुड़े हुए सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में सर्वेक्षण में पाई गई खामियों पर भी फोकस किया तथा इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शत प्रतिशत सूखा कचरा एवं गीला कचरा, डोर टू डोर सूखा कचरा एवं गीला कचरा, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई, निर्माण एवं विध्वंस के कचरे का निपटान, होम कंपोस्टिंग, तालाबों की सफाई, खुले में शौच मुक्त, सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय में व्यापक व्यवस्था तथा साफ-सफाई, प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही, रात्रि कालीन मार्केट क्षेत्र की सफाई, नालियों की सफाई तथा सड़कों की सफाई, बैक लाइन की सफाई, उद्यानों की सफाई, स्वच्छता संबंधित गतिविधियां, दीवारों में वॉल पेंटिंग आदि पर विशेष रुप से कार्य करें। उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में भिलाई को नंबर वन बनाने के लिए नागरिक सहभागिता भी आवश्यक है। इसके लिए निगम की आम नागरिकों से अपील की है कि गीला और सूखा कचरा अलग-अलग प्रदान करें, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं, खुले में शौच न करें, प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय न करें। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत व्यापारियों से जोन आयुक्त मिलकर बैठक करेंगे तथा भिलाई को नंबर वन बनाने के लिए योजना तैयार कर इसे मूर्त रूप भी देंगे। इसके अलावा निगमायुक्त ने शासन की प्रमुख योजनाओं की भी समीक्षा की तथा प्रगति लाने के निर्देश दिए। प्रमुख रूप से आयुक्त ने अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण की प्रगति की समीक्षा, बेरोजगारी भत्ता एवं आयुष्मान कार्ड, स्कूलों के संधारण की समीक्षा, रोड मरम्मत के कार्यों की समीक्षा, निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा, मितान योजना, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना तथा गोधन न्याय योजना आदि प्रमुख योजनाओं की समीक्षा कर प्रगति की जानकारी ली। बैठक में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता मनोज सिंह ठाकुर एवं बीके देवांगन, उपायुक्त रमाकांत साहू, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, पूजा पिल्ले, येशा लहरे, अमिताभ शर्मा तथा खिरोद्र भोई, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की नोडल अधिकारी प्रीति सिंह तथा कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं उप अभियंता आदि मौजूद रहे।